दिन– मंगलवार दिनांक– 18 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ ने उभरते भारत की भावना को प्रतिबिंबित किया है और पूरे विश्व ने देश की शक्ति को देखा है। श्री मोदी ने महाकुंभ पर आज लोकसभा में बयान देते हुए कहा कि जब पूरा विश्व चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहा है, तो इस एकता का भव्य प्रदर्शन देश की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने विविधता में एकता की इस विशेषता को समृद्ध करने की आवश्यकता पर जोर दिया। जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में कई नदियां हैं और उनमें से कुछ खतरे में हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुंभ नई पीढ़ी को जल संरक्षण का महत्व सिखाएगा। श्री मोदी ने कहा कि इस ऐतिहासिक आयोजन ने भारत की क्षमता के बारे में कुछ लोगों में संदेह को दूर कर दिया है।

————————————————————

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने आज महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम–मनरेगा योजना के तहत न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि की मांग की। उन्होंने राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया।

————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने जमीन के बदले नौकरी के धनशोधन मामले में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी तथा उनके बड़े बेटे तेज प्रताप यादव से पटना स्थित कार्यालय में पूछताछ की। पूछताछ के दौरान दोनों से पटना में अपार्टमेंट की जमीन और कुछ अन्य संपत्तियों को लेकर सवाल किया गया। इधर, ईडी ने इसी मामले में राजद अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद को कल पूछताछ के लिए तलब किया है। केंद्रीय प्रवर्तन एजेंसी के पटना स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होकर उन्हें अपना बयान दर्ज कराने को कहा गया है। गौरतलब है कि ईडी ने पिछले साल जनवरी में भी लालू प्रसाद से इस मामले में लगभग दस घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी।

————————————————————

विपक्षी दल राजद, कांग्रेस और वाम दलों के सदस्यों के हंगामे और नारेबाजी के बीच विधानसभा और विधान परिषद की कार्यवाही जारी है। विधानसभा में आज प्रश्नकाल और शून्यकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर हंगामा किया। विपक्षी सदस्यों ने सदन में ताली बजाकर अपना विरोध जताया। हंगामें के कारण सदन की कार्यवाही बार–बार बाधित हुई। बाद में विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के समझाने पर विपक्षी सदस्य शांत हुए और सदन की कार्यवाही आगे बढ़ी। इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं के बीच नोंक–झोंक भी देखने को मिली। होली के अवकाश के बाद विधानमंडल के बजट सत्र का आज दूसरा दिन है।

———————————————————

गोपालगंज जिला के रहने वाले दीपू शाह, अंशु राम और राधेश्याम यादव का शव आज पटना पहुंचा। पिछले दिनों इन तीनों की आपसी विवाद मे बेंगलुरू में हत्या कर दी गयी थी। श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने पार्थिव शरीर के पटना हवाई अड्डा पहुंचने पर श्रद्धांजलि अर्पित की। बाद में शवों को उनके गृह जिला भेज दिया गया।

———————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के उत्तरी, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में अधिकतर स्थानों पर दिन के तापमान में वृद्धि का क्रम जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान सैंतीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक तापमान में बढ़ोतरी का क्रम जारी रहेगा। इसके बाद एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से इक्कीस मार्च से तेईस मार्च तक राज्य के विभिन्न जिलों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना है। विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———————————————————

सीवान जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहद्दीपुर गांव के पास एक स्कूल वैन और पिकअप की टक्कर हो गई। इस घटना में चार बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए।

———————————————————

अररिया जिले के फुलकाहा थानाध्यक्ष रौनक कुमार को निलंबित कर दिया गया है। थानाध्यक्ष के खिलाफ जांच में एएसआई राजीव रंजन मल्ल की मौत मामले में लापरवाही सामने के आने के बाद यह कार्रवाई की गई है।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।